## संक्षिप्त

### किसान की करंट लगने से मौत

**टांक।** उनियारा उपखण्ड के बनेठा थाना क्षेत्र के विजयपुरा गांव में गुरुवार 02 अक्टूबर सुबह खेत में काम करते समय एक किसान की करंट लगने से मौत हो गई। किसान ट्यूबवेल चला रहा था, तभी यह हादसा हुआ। बनेठा थाना प्रभारी भागीरथ सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान विजयपुरा निवासी 45 वर्षीय रामजस जाट पुत्र घासी जाट के रूप में हुई है। रामजस गुरुवार सुबह ट्रैक्टर लेकर खेत पर हल निकालने गए थे। खेत में ट्यूबवेल चलाते समय उन्हें करंट लग गया और वे मौके पर ही अचेत हो गए। उनकी पत्नी भी खेत में काम कर रही थी। पास के खेत से चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोसी दौड़कर आए और उन्हें ट्यूबवेल से दूर किया। परिजनों ने तत्काल 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और रामजस जाट को घायल अवस्था में बनेठा सीएचसी अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉ. गोवर्धन मीणा ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों की सूचना पर बनेठा थाना पुलिस अस्पताल पहुंची। अस्पताल में स्वीपर और मोर्चरी की व्यवस्था न होने के कारण पोस्टमॉर्टम नहीं हो सका। शव को उनियारा सीएचसी ले जाकर पोस्टमॉर्टम करवाया गया और फिर परिजनों को सौंप दिया गया। थाना प्रभारी भागीरथ सिंह ने बताया कि मृतक के बड़े पापा के लड़के रामराय जाट ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बनेठा थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### तीन दिवसीय मेला सम्पन्न

**टोंक।** मेहन्दवास थाना क्षेत्र के गांव छान में चल रहे तीन दिवसीय मेले का समापन गुरूवार को काफी चहल पहल एवं रौनक से भरपूर रहा, मेले के अवसर पर आस पास के कई गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दशहरे के शुभ मुहूर्त में देवत माता व बालाजी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा मेहंदवास मंडल अध्यक्ष नंदलाल जाट ने बताया कि विजयादशमी के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत छान द्वारा भगवान राम के नेतृत्व में राम सेना द्वारा 31 फिट ऊँचे विशाल रावण का दहन करके बुराई पर अच्छाई की विजय संकल्पना की भावना को प्रदर्शित किया। मेले में महिलाओं,बच्चों एवं पुरुषों ने जबरदस्त उत्साह के साथ मेले का भरपूर आनंद लेने के साथ ही जमकर खरीददारी कर मनोरंजन के साधनों जैसे चकरी झूलो ,मिठाई आदि का लुत्फ लिया।

### डांडिया रास-2025 का आयोजन

**दौसा।** इनरव्हील क्लब दौसा के तत्वावधान में बुधवार रात्रि को रावत पैलेस, दौसा में पारंपरिक उत्साह और उल्लास के साथ डांडिया रास-2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर परिषद सभापति कल्पना जैन, उर्मिला जोशी, क्लब अध्यक्ष नेहा बत्रा और सचिव संगीता वधावन ने दीप प्रज्वलित कर किया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे प्रतिभागियों ने मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। ताल और लय से भरे इस उत्सव ने उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पारंपरिक परिधानों में सजे प्रतिभागियों ने ढोली तारो ढोल बाजे, केसरिया बालम, चोगडा तारा और कमरिया जैसे गरबा-डांडिया गीतों पर जमकर थिरकते हुए आयोजन को यादगार बना दिया। ज्यूरी की भूमिका शालिनी जाखड सराहनीय रही।

# संपूर्ण मानव जाति के लिए समर्पित रहता है महापुरुषों का जीवन : सांसद राव राजेंद्र सिंह

**शाहपुरा।** कस्बे में शेखागढ में गुरुवार को महाराव शेखा संस्थान के तत्वावधान में संस्थान के स्थाई अध्यक्ष व जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में महाराव शेखाजी की 592 वीं जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह ने कहा कि महापुरुषों का जीवन किसी जाति या संप्रदाय के प्रति नहीं बल्कि संपूर्ण मानव प्रजाति के लिए समर्पित रहता है। सांसद सिंह ने कहा कि विश्व को आज जिस सांप्रदायिक सौहार्द, नारी रक्षा व धार्मिक सद्भाव की सबसे ज्यादा आवश्यकता है। वह 580 वर्ष पूर्व महाराव शेखाजी ने अफगानी पन्नी पठानों के साथ धार्मिक सद्भाव संधि व नारी रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर महाराव शेखाजी ने प्रतिपादित कर दी थी। इस अवसर पर सिंह ने कहा कि प्रजातंत्र हो जनता ही



जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में महाराव शेखाजी की 592 वीं जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाई ।

जनार्दन का स्वरूप रहती है। इस अवसर पर महाराव शेखा संस्थान के संपादक सिंह धमोरा ने कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष गोवर्धन सिंह दिवराला ने संस्थान के आय-व्यय प्रस्तुत किया। भाजपा नेत्री रतना कुमारी ने समाज में कुरीतियों का उन्मूलन कर बालिका शिक्षा और विधवा विवाह के प्रति संवेदनशील रहने की अपील की।

- **शेखागढ़ में मनाई महाराव शेखाजी की 592 वीं जयंती**

कार्यक्रम के दौरान मांधाता सिंह गढ्ढटकनेत, महाराव शेखा संस्थान के मानसिंह पीथलपुर, राजेंद्र सिंह जेरठी, हरि सिंह खेलना, जालिम सिंह, पूर्व प्रधान मंजू सैनी, तिगरिया सरपंच दीप्ति शर्मा, पूर्व उप जिला प्रमुख पूर्ण कंवर, जितेंद्र सिंह कारंगा, देवी सिंह नरूका, सरपंच अमर सिंह शेखावत, सुरेंद्र सिंह, जगदीश सिंह नांद , जितेंद्र सिंह आसपुरा, सुरेंद्र सिंह सामी, धड सिंह भौनावास सहित कई लोगों ने विचार व्यक्त किए। इस दौरान मौजूद लोगों ने सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन एवं बालिका शिक्षा सहित नारी उत्थान के कार्य के लिए सक्रिय होकर भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।

### महात्मा गांधी जयंती पर शिविर आयोजित

**शाहपुरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला जयपुर अध्यक्ष अजित कुमार हींगर एवं तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष ललिता शर्मा अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम के निर्देशानुसार पैरा लीगल वॉलिन्टियर दिनेश कुमार शर्मा ने ग्राम पंचायत अमरसर में खादी ग्रामोद्योग मंडल अमरसर में महात्मा गांधी जयंती पर शिविर आयोजित किया। इस अवसर पर संस्था के मंत्री रमेश कुमार शार्दूल की अध्यक्षता में शिविर आयोजित किया गया। पैरा लीगल वॉलिन्टियर दिनेश कुमार शर्मा ने महात्मा गांधी के स्वरोजगार अभियान, एवं अस्पृश्यता निवारणार्थ विधिक जागरूकता की जानकारी से अवगत कराया। इस अवसर पर खादी ठामोद्योग मंडल केन्द्र में खादी को घर - घर अपनाने के क्रम में खादी के कपड़े की बुनाई को बेरोजगार युवाओं से जोड़कर स्वदेशी अपनाओ गांधी जी के सपनों का भारत बनाने के प्रयासों की सार्थकता पर जोर दिया। अम्बेडकर कॉलोनी में बुनकर परिवारों को अनुसूचित जाति जनजाति अधिनियम 2015 के विधिक अस्पृश्यता निवारणार्थ की जानकारी से अवगत कराया।

# नाबालिग छेड़छाड़ मामले में हिस्ट्रीशीटर सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्ष राजेश कुमार मीणा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ब्रिजेन्द्र सिहं भाटी व वृत्ताधिकारी राजेश विधार्थी के सुपरविजन में कोतवाली थानाधिकारी भंवरलाल द्वारा टीम गठित ने डी.ओ. ऑफिस के पास नाबालिग लडकी के साथ छेड़छाड़ कर, 3डी क्लासेज मे कोचिंग संचालक के साथ मारपीट करने वाले मामले मे कार्यवाही करते हुये टीम ने हिस्ट्रीशीटर सहित कुल तीन आरोपियो को गिरफ्तार किया गया है। इस प्रकरण मे दो आरोपी पुर्व में ही गिरफ्तार होकर कुल पांच आरोपी गिरफ्तार हो चुके है। अन्य आरोपियो की तलाश जारी है। कोतवाली थानाधिकारी ने बताया कि 26 सितम्बर को परिवादिया ने थाने में मामला दर्ज कर बताय कि वह 3 डी क्लासेज में नियमित रूप से पढ़ने जाती है। रोज की तरह वह जब पढने जा रही थी तभी आरोपी आमीर मेवाती, हमीद मेवाती, ताहिर मेवाती, सद्दाम खान पुत्र छुट्टन खान व राहिल मेवाती समस्त निवासी बाड्डा जेरे किला व अन्य अज्ञात उसका पीछा कर रहे है यह सभी ने उस पर अश्लील टिप्पणियां कर आगे मोटरसाईकिल लगाकर रोक लिया।



डी.ओ. ऑफिस के पास नाबालिग लडकी के साथ छेड़छाड़ कर, 3डी क्लासेज मे कोचिंग संचालक के साथ मारपीट करने वाले मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

उसके बाद नाबालिग को धमकाते हुये जबरदस्ती उठाकर लेजाकर उसका धर्म परिवर्तन कर निकाह करने तथा मना करने पर मुंह पर तेजाब डाल की धमकी दी गई। जिसके बाद उसने चाइल्ड हेल्प लाईन नंबर 1098 पर कॉल करके उक्त घटनाक्रम की शिकायत भी दर्ज करवाई। उसके बाद नाबालिग घबराकर वापस कोचिंग आ गई तथा संचालक हेमराज को घटना के बारे में बताया तो हेमराज के समझाने पर उसके साथ भी मारपीट की। घटना को गम्भीरता से लेते हुए थाना पुलिस ने मामले में कार्यवाही करते हुए आरोपियो की तलाश के लिए अलग-अलग टीमो का गठन किया गया।

### गांधी और शास्त्री को श्रद्धा सुमन अर्पित

**सांभरझील।** आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर नगर कांग्रेस कमेटी सांभर लेक कार्यालय में कांग्रेस जनों द्वारा दोनों महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर नगर कांठोस अध्यक्ष कमल शुक्ला, पूर्व नगर अध्यक्ष सी पी व्यास, नेता प्रतिपक्ष बालूराम नोगिया, अरविन्द मेहरडा, अशोक पारीक, दिनेश शर्मा, कालूराम अजमेरा, राजेश कचावटिया, चन्द्र प्रकाश सैनी, मोहन गर्वा, मुइनुद्दीन कुरैशी, अब्दुल हमीद कादिर, सोमेश अजमेरा,अनिल पंवार, सल्लामुदीन, शाब्बीर रंगरेज, जाकिर रंगरेज, धर्मेंद्र बामणिया, अभिलाष तम्बोलिया, डालूराम सैनी, चन्द्र प्रकाश सिंगला, पुरुषोत्तम बासीवाल,सद्दीक मोहम्मद, मनमोहन पिपरालिया, जिशान काजी सहित कई कांग्रेस जन ने श्रद्धांजलि दी व इन महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलने का प्रण लिया।

# हड्डियों से भरे ट्रक को पुलिस को सौंपा

## गौवंश की हड्डियां होने के आरोप लगाए

**जुरहरा, भरतपुर (निस)।** जुरहरा क़स्बे में गुरुवार की सुबह थाने के सामने से गुजर रहे हड्डियों से भरे ट्रक को स्थानीय गौसेवकों द्वारा रुकवाकर पुलिस को सुपुर्द करते हुए ट्रक में गौवंश के अवशेष होने के आरोप लगाए हैं।

- **जीव कल्याण समिति अध्यक्ष ने लिखित शिकायत दी**
- **गौसेवकों ने आरोप लगाया है कि ट्रक में जो अवशेष भरे हुए हैं, वे गौवंश के अवशेष हैं। वहीं समिति अध्यक्ष घनश्याम पांचाल ने लिखित में शिकायत**

जुरहरा जीव कल्याण एवं गौ सेवा समिति के अध्यक्ष घनश्याम पांचाल व सदस्य सुरेंद्र जंगम ने बताया कि गुरुवार की सुबह जुरहरा थाने के सामने से होकर हड्डियों से भरा हुआ ट्रक निकल रहा था जिसे स्थानीय थाना पुलिस के द्वारा नहीं रुकवाया गया लेकिन गौसेवकों को सूचना मिलने पर हड्डियों से भरे ट्रक को रूकवाकर पुलिस के सुपुर्द किया गया है।

गौसेवकों ने आरोप लगाया है कि ट्रक में जो अवशेष भरे हुए हैं वे गौवंश के अवशेष हैं। वहीं समिति अध्यक्ष घनश्याम पांचाल ने लिखित में शिकायत देते हुए बताया है कि गुरुवार दिनांक 02.10.2025 को सुबह समय करीब 10रू30 बजे थाने के सामने से एक गाड़ी निकलकर जा रही थी जिसमें गौ वंश की हत्या कर उनके अवशेष भरकर ले जाए जा रहे थे। उक्त गाडी में चार गौ हत्यारे भी बैठे हुए थे। समिति के सदस्यों के द्वारा गाडी को रूकवाकर गाडी को व चारों गौ-हत्यारों को जुरहरा थाने में सुपुर्द किया गया है। वहीं समिति सदस्यों ने गौकशी व गौतस्करी की घटनाओं पर रोक लगाने की मांग की है।

### सांभर में रावण दहन देखने उमड़ा सैलाब

**सांभरझील।** यहां नीम रोड स्थित दशहरा मैदान रावण दहन देखने के लिए कस्बा सहित आसपास से गांवों से हजारों की संख्या में सैलाब उमड़ा। रावण, कुंभकरण और मेघनाद के पुतले बनाए गये। इस दौरान पुलिस प्रशासन प्रशासन की ओर से लोगों की आवाजाही हेतु यातायात की दृष्टि से पूरी सतर्कता बरती गई। पहली बार मेला ग्राउंड से करीब 100 मीटर दूर ही चाट पकौडी, खेल खिलौने आदि सामग्री बेचने वालों की स्टाल लगाई गई। बता दे कि पालिका प्रशासन की ओर से गौरव पथ पर दशहरा मनाए जाने का निर्णय लिया गया था लेकिन जनता की भारी नाराजगी को देखते हुए और खुद की कमी को छुपाने के लिए बाद में यथा स्थान ही रावण दहन का निर्णय लिया गया। बताया जा रहा है कि कुछ प्रतिशत हिस्सा गौरव पथ पर खेल मैदान पर रावण दहन कराने के लिए खुश है जबकि अधिकांश आबादी चाहती है कि परंपरागत तरीके से पुराने दशहरा मैदान पर ही इस पर्व को मनाया जाए।

## सार-समाचार

### रामलीला का समापन



**बौंली- बामनवास।** श्री राम कला मंडल द्वारा शिव बगीची के मंच, प्रांगण में आयोजित 11 दिवसीय रामलीला मंचन का 1 अक्टूबर बुधवार को कुंभकरण, मेघनाद, रावण वध व राम के राजतिलक के बाद समापन हो गया। इस अवसर पर राजतिलक समारोह में बौंली नगर पालिका चैयरमैन कमलेश देवी जोशी, समाजसेवी ओमप्रकाश जोशी, भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश डंगोरिया एवं हथडौली के पूर्व सरपंच भैंरूलाल मीणा ने मुख्य अतिथियों के बतौर प्रथम व राजतिलक की महा आरती उतारी।21 सितंबर से 1 अक्टूबर तक 11 दिवसीय रामलीला मंचन किया गया, बौंली नगर में कुछ वर्षों से विजयदशमी (दशहरे) के एक दिन पूर्व ही रामलीला मंच पर रामलीला कार्यक्रम में भगवान श्री राम का राजतिलक कर दिया जाता है, जिससे दर्शक व रामलीला में काम करने वाले पात्र दशहरा मेले का आनंद ले सके। समापन समारोह के प्रथम दृश्य में कुंभकरण को रावण द्वारा निद्रा से जगा कर रणभूमि में भेजना, उसके वध के बाद मेघनाद को माता देवी निकुंबला की तपस्या कर वरदान प्राप्त करने के लिए भेजना एवं विभीषण की सूचना पर लक्ष्मण, सुग्रीव, हनुमान, अंगद व जामवंत के साथ वानर सेना सहित जाकर यज्ञ विध्वंस करना एवं मेघनाद वध, पुत्र वध की सूचना पर रावण द्वारा क्रोधित व व्याकुल होकर राम से युद्ध करना एवं वीरगति को प्राप्त करना, राम द्वारा लक्ष्मण को आज्ञा देकर रावण से राजनीति ज्ञान प्राप्त करना, हनुमान जी व लक्ष्मण जी द्वारा लंका से वापस सीता जी को लाना एवं विभीषण को लंका का राजतिलक करना एवं श्री राम के राजतिलक के साथ ही श्री राम के राजतिलक की झांकी दिखाई गई। जिसमें नगरपालिका एवं संपूर्ण नगर वासियों ने रामलीला मंचन में पूर्ण सहयोग किया, जिससे अगले वर्ष भी रामलीला कार्यक्रम का होना निश्चित हो गया।

### गांधीजी व शास्त्री जी को पुष्पाजंलि

**दौसा।** समाज कल्याण सप्ताह के तहत गुरुवार को राष्ट्रिपता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम गांधी सर्किल पर हुआ। जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार ने गांधीजी की प्रतिमा और शास्त्री जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वधर्म प्रार्थना तू ही राम है तू रहीम है... से किया गया। लोक कलाकारों द्वारा गांधी के प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेने कहिए... एवं रामधुनी का गायन किया गया तथा परंपरागत तरीके से प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार ने गांधी और शास्त्री के आदर्शों को रेखांकित करते हुए अपने दैनिक जीवन में उनके आदर्शों को अपनाने का आ ान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को गांधी के जीवन से प्रेरणा लेकर अहिंसा के पथ पर चलना चाहिए, जिससे आपसी प्रेम और सौहार्द एवं भाईचारा बना रहे। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी एवं शास्त्री के सिद्धांत और आदर्शों को युवा पीढ़ी को आत्मसात करना चाहिए। शास्त्री की ईमानदारी, नैतिकता और सादगी के आदर्श को हर व्यक्ति को अपने जीवन के व्यवहार का हिस्सा बनाना चाहिए। कार्यक्रम में जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा, उप वन संरक्षक अजित उचोई, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा रामस्वरूप चौहान, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेंद्र कुमार मीणा, नगर परिषद आयुक्त कमलेश मीणा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक रामराज मीणा, जिलाध्यक्ष लक्ष्मी रैला, महेश आचार्य सहित धर्मगुरु, स्कूली विद्यार्थी, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य लोगों की भागीदारी रही।

### पार्षद मंजू मीना जिला प्रभारी नियुक्त

**दौसा।** महिला कांग्रेस संगठन ने नेतृत्व विस्तार की दिशा में एक अहम निर्णय लेते हुए प्रदेश सचिव एवं पार्षद मंजू सीताराम मीना को बारां जिले की प्रभारी नियुक्त किया है। यह घोषणा राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा एवं प्रदेशाध्यक्ष सारिका सिंह द्वारा राजस्थान महिला कांठोस की जिला प्रभारियों की सूची जारी करते हुए की गई। पार्षद मंजू मीना लंबे समय से सामाजिक सरोकारों और संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रही हैं। उनकी नियुक्ति को महिला नेतृत्व को सशक्त करने और संगठन को ज़मीनी स्तर पर मजबूती देने की दिशा में एक प्रेरक कदम माना जा रहा है। नव नियुक्त प्रभारी ने नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं संगठन की नीतियों को ज़मीनी स्तर तक पहुँचाने और महिला सशक्तिकरण को गति देने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करूंगी। उनकी नियुक्ति की खबर मिलते ही क्षेत्रवासियों एवं कांठोस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड गई। जगह-जगह से बधाई संदेश प्राप्त हो रहे हैं और संगठन को उनके नेतृत्व में नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### शास्त्री की जयंती मनाई

**दौसा।** नगर व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, दौसा के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को राष्ट्रिपता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर सद्भावना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में ब्लॉक अध्यक्ष हेमराज अवाना, नगर अध्यक्ष घनश्याम शर्मा, अब्दुल मन्नान खान ने महात्मा गाँधी ओर लालबहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डाला ओर सत्य ओर अहिंसा के पथ पर चलने का सकल्प लिया इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष शरद नागर, जगदीश श्यालावस, रामनाथ राजोरिया, अभाव अभियोग के प्रदेश सचिव दुर्गा लाल मीरवाल, शीतल चौबे, कैलाश गोठवाल, हनुप्रसाद जागा, जयराम वर्मा, नरेंद्र जैमन, सुनीता शर्मा, गिर्राज मीणा, रामनारायण पंडा, साहिल खान, सियाराम सत्तावान, जीतेन्द्र पार्षद, विनोद भंडारी, प्रवक्ता मुकेश राणा सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

# भगवान राम-सीता एवं रावण की सजाई जीवंत झांकी

**दौसा।** जिले भर में गुरुवार को विजयादशमी का पर्व बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इधर जिला मुख्यालय पर नगर परिषद द्वारा रावण के टीबे पर परम्परागत तरीके से 55 फीट के रावण का दहन किया गया साथ ही आतिशबाजी का आयोजन भी किया गया। रावण दहन से पूर्व विधिवत रुप से मंत्रोच्चारण के साथ भगवान राम-लक्ष्मण सहित अन्य देवों की पूजा अर्चना की गई। वही दूसरी ओर आध्यात्मिक रामलीला के कलाकारों ने राम-रावण का संवाद प्रस्तुत किया साथ ही भगवान राम, लक्ष्मण, सीता एवं रावण सहित अन्य की जीवंत झांकी भी सजाई। उल्लेखनीय है कि विजयदशमी पर्व पर गुरुवार को आध्यात्मिक रामलीला सेवा समिति के कलाकारों ने शहर के प्रमुख मार्गो पर भगवान राम-सीता, लक्ष्मण, रावण, मेधनाथ, हनुमान सहित अन्य की जीवंत झांकी व जुलूस निकाला। जुलूस बजरंग मैदान से रवाना होकर शहर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ रावण के टीबे पर पहुंचा। इधर शहर के मुख्य मार्गो से जुलूस निकलते समय महिलाओ ने भगवान राम-सीता व लक्ष्मण की पूजा अर्चना की साथ ही आतिशबाजी भी की गई। शहर के अनेक स्थानों पर तोरणद्वार लगाये गये थे। उधर रावण के टीबे पर नगर परिषद द्वारा 55 फीट ऊंचा रावण बनाया गया था, रावण दहन से पूर्व आध्यात्मिक रामलीला सेवा समिति के कलाकारों ने राम-रावण, लक्ष्मण-मेधनाथ का संवाद प्रस्तुत किया। राम-रावण के संवाद के बाद राम ने अग्निबाण छोडकर रावण का दहन किया। रावण दहन के बाद नगर परिषद द्वारा आतिशबाजी का भी आयोजन किया गया था, जिसका शहरवासियों ने जमकर लुफ्त उठाया।

- **कलाकारों ने राम-रावण, लक्ष्मण-मेधनाथ का संवाद प्रस्तुत किया। राम-रावण के संवाद के बाद राम ने अग्निबाण छोडकर रावण का दहन किया। रावण दहन के बाद आतिशबाजी भी हुई**

### 51 फुट के रावण का दहन

**मनोहरपुर।** कस्बे में विजयादशमी के पावन मौके पर पूरा मनोहरपुर श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। दशहरा मैदान में गुरुवार शाम आयोजित भव्य समारोह में 51 फुट ऊंचे रावण के साथ ही 35-35 फुट के कुंभकर्ण और मेघनाथ के विशाल पुतलों ने आग के गोले में समाधि ले ली। रावण दहन के दौरान पूरा आकाश रोशनी से जगमगा उठा। इससे पहले गंगा माता मंदिर परिसर से राम दरबार की एक मनमोहक झांकी निकाली गई, जिसने शहर के प्रमुख मार्गों पर अपनी छाप छोड़ी। झांकी में भगवान राम, लक्ष्मण और माता सीता के सजीव रूप देख भक्त मंत्रमुग्ध हो गए। लोग ढोल-नगाड़ों की थाप पर झूमते हुए "जय श्री राम" के नारे लगाते नजर आए। इस दौरान कस्बे के कई प्रमुख मार्गो की जगह जगह करतब बाजी दिखाई गई। इस दौरान शाम के समय ज्योंही अग्नि बाण चलाकर रावण का दहन किया गया, त्योंही दशहरा मैदान में मौजूद हजारों दर्शकों में खुशी की लहर दौड़ गई। आतिशबाजी के रंग-बिरंगे फव्वारों ने समां और भी रोमांचक बना दिया। कार्यक्रम के दौरान किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए थाना प्रभारी भगवान सहाय मीणा की अगुवाई में पुलिस की कड़ी तैनाती रही।

# डीग में गांधी व शास्त्री जयंती पर महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने का आव्हान

**डीग, भरतपुर (निस)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित किशन लाल जोशी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डीग में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर सूत की माला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके जीवन आदर्शों को आत्मसात करने पर बल दिया।

- **महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का जीवन हमें सादगी, सत्यनिष्ठा और देश सेवा की प्रेरणा देता है**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने कहा, महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री




महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंता पर किशन लाल जोशी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डीग में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

का जीवन हमें सादगी, सत्यनिष्ठा और देश सेवा की प्रेरणा देता है।

हमें उनके जीवन से मिले संदेशों को केवल याद ही नहीं करना है, बल्कि उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करने की भी आवश्यकता है। उन्होंने इस मौके पर समस्त जिलेवासियों को विजयदशमी (दशहरे) की अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं।

इस अवसर पर जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी, कुलदीप सिंह ने महात्मा गांधी के सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गांधीजी ने समाज में व्याप्त छुआछूत जैसी कुरीति के विरुद्ध एक सशक्त अभियान चलाया और स्वच्छता कर्मियों को हरिजन जैसा सम्मानजनक नाम दिया। उन्होंने गांधीजी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों को आज के दौर में भी प्रासंगिक बताते हुए कहा, यदि हमें किसी से अपनी बात मनवानी है, तो हिंसा के बजाय सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर उसके व्यवहार में परिवर्तन लाना ही गांधीजी के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इस अवसर पर जितेन्द्र पाराशर द्वारा गांधीजी के प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेने कहिए का सुमधुर गायन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ सहायक उमेश चंद्र प्रजापति द्वारा किया गया। अंत में कुलदीप सिंह ने सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों और कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।